# चयन समिति, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

क्र. 19/24 बलौदाबाजार दिनांक 22.09.2024

## ।। दावा आपत्ति सूचना।।

जिला न्यायालय बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के सीधी भर्ती हेतु परिमार्जित विज्ञापन क्रमांक क्र.3/जि.न्या.स्टे.स.ग्रे./2024 बलौदाबाजार दिनांक 21.06.2024 अनुसार स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद हेतु दिनांक 22.09.2024 को हुए लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं मॉडल उत्तर न्यायालय के वेबसाईट **balodabazar.dcourts.gov.in** पर (अपलोड) जारी किया जा रहा है।

अतः जिन अभ्यर्थियों को प्रश्नों अथवा वैकल्पिक उत्तरों के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वे निर्धारित समय सीमा तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं ।

**अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल ऑनलाइन ही दर्ज कर सकते हैं।**

ऑनलाइन आपत्ति संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत हैः –

- ऑनलाइन आपत्ति स्वीकार करने की आरंभिक तिथि : 22.09.2024
- ऑनलाइन आपत्ति एवं संबंधित प्रपत्र व प्रमाण स्वीकार करने की अंतिम तिथिः **24.09.2024 (सायं 05 बजे तक)**
- ई–मेल नं.**balodabazar.court@gov.in पर ऑनलाइन दावा आपत्ति कर सकते है।**

**स्थान बलौदाबाजार**

**दिनांक 22/ 09/2024**

**अध्यक्ष**
चयन समिति,
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बलौदबाजार (छ.ग.)

## कार्यालय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, बलौदाबाजार

## जिला न्यायालय के स्टेनोग्राफर(हिन्दी) पद हेतु, भर्ती परीक्षा वर्ष- 2024

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश : * सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्न पत्र परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षक को वापस करें। प्रश्नों की संख्या 25

नोट - * प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित। गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं काटा जायेगा। परीक्षा की अवधि 40 मिनट

* उत्तर पत्रक में **a,b,c,d** विकल्पों में से किसी एक **"O"** गोले को नीले/काले बॉल पेन से पूरा भरना होगा।

* आधे भरे, एक से अधिक विकल्प पर चिन्ह आदि में कोई अंक नहीं दिया जायेगा।

1. छत्तीसगढ़ और उड़ीसा अंचल की सबसे बड़ी नदी 'महानदी' का उद्गम स्थल है-
(**a**) अमरकंटक (**b**) मैकल पर्वत श्रेणी
(**c**) सिहावा पर्वत श्रेणी (**d**) मैनपाठ का पठार

2. छ.ग. हाईकोर्ट बिलासपुर के प्रथम मुख्य न्यायधीश कौन थे?
(**a**) ए.के.पटनायक (**b**) डब्ल्यू ए.शीशाक
(**c**) ए.एस.वी.मूर्ती (**d**) एस.आर.नायक

3. पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित छत्तीसगढ़ के जागेश्वर यादव,आदिवासी कल्याण कार्यकर्ता,किस जिले से सम्बंधित हैं ?
(**a**) दंतेवाडा (**b**) बीजापुर
(**c**) सरगुजा (**d**) जशपुर

4.ब्लू होल क्या है?
(**a**) समुद्र के नीचे स्थित गुफा(**b**) पृथ्वी की सतह पर गुफा
(**c**) वायूमण्डलीय गैस समूह (**d**) अंतरिक्ष में अदृष्य क्षेत्र

5. भारत के पहले सुपर कम्प्युटर का नाम है -
(**a**) अग्नि (**b**) परम
(**c**) अंक (**d**) राष्ट्र

6. **Hyperlink** का **by default** कलर कौन सा होता है?
(**a**) नीला (**b**) लाल
(**c**) हरा (**d**) पीला

7. **Mail Merge** (मेल मर्ज)क्या है?
(**a**) **Word Processor** का एक **tool**
(**b**) **Writer**
(**c**) **Word Processor**
(**d**) इनमें से कोई नहीं

8. '' जय हिन्द " का नारा किसने दिया ?
(**a**) सुभाषचंद्र बोस (**b**) महात्मा गांधी
(**c**) मोतीलाल नेहरू (**d**) जवाहर लाल नेहरू

9. " बैंक दर " वह दर है, जिस पर-
(**a**) आर.बी.आई. पब्लिक को उधार देता है।
(**b**) एक बैंक पब्लिक को उधार देता है।
(**c**) आर.बी.आई वाणिज्यिक बैंकों को उधार देता है।
(**d**) आर.बी. आई. भारत सरकार को उधार देता है।

10.मुद्रा आपूर्ति किसके द्वारा नियंत्रित की जाती है-
(**a**) योजना आयोग (**b**) वित्त आयोग
(**c**) आर.बी.आई. (**d**) सेबी

11. 9 वर्ष पहले पिता की आयु , उसके पुत्र की आयु की 9 गुना थी, और 10 वर्ष बाद पिता की आयु उसके पुत्र की आयू की दो गुने से दो वर्ष अधिक होगी, उनकी वर्तमान आयु क्या है?
(**a**) 32,9 (**b**) 33,10
(**c**) 34,11 (**d**) 36,12

12. हाल ही में भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैम्पियंस ट्राफी के फाइनल में किस देश को 1-0 से हराकर पांचवी बार टूर्नामेन्ट पर कब्जा किया।
(**a**) चीन (**b**) मलेशिया
(**c**) पाकिस्तान (**d**) नेपाल

13. पारादीप बंदरगाह कहां है ?
(**a**) तमिलनाडु (**b**) ओडिशा
(**c**) आन्ध्रप्रदेश (**d**) केरल

14. भिलाई इस्पात संयंत्र किसकी मदद से स्थापित किया गया है?
(**a**) यू.के. (**b**) रूस
(**c**) यू.एस.ए. (**d**) जर्मनी

15. सबसे चमकीला ग्रह है ?
(**a**) बृहस्पति (**b**) मंगल
(**c**) शुक्र (**d**) बुध

16. कैल्शियम कार्बाइड, बुझे चूने को किसके साथ गर्म करके बनाया जाता है?
(**a**) जिंक (**b**) कोक
(**c**) कॉपर (**d**) सल्फर

17. किस संस्था द्वारा सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपिडो(**SMART**) का परीक्षण किया गया है ?
(**a**) **ISRO** (**b**) **HAIL**
(**c**) **DRDO** (**d**) **NASA**

18. इंद्रावती और प्राणहिता किस नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं ?

(**a**) कृष्णा (**b**) कावेरी

(**c**) गोदावरी (**d**) नर्मदा

19. किसने दलित वर्गों के हितों की रक्षा के लिये "स्वतंत्र लेबर पार्टी" का गठन किया ?

(**a**) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (**b**) महात्मा गाँधी

(**c**) पी.सी. मेनन (**d**) इंदिरा गाँधी

20. छत्तीसगढ़ राज्य में 1923 में झण्डा सत्याग्रह कहां से प्रारंभ हुआ था ?

(**a**) बिलासपुर (**b**) रायपुर

(**c**) बलौदा-बाजार (**d**) धमतरी

21. एक कूट में '**DELHI**' को 19 और '**CHENNAI**' को 27 के रूप में कूटबद्ध किया गया है , उपर्युक्त कूट में '**GUWAHATI**' को कैसे कूटबद्ध किया जायेगा ?

(**a**) 30 (**b**) 45

(**c**) 75 (**d**) 25

22. 2024 पैरा-ओलंपिक में भारत ने कुल कितने पदक जीते?

(**a**) 10 (**b**) 17

(**c**) 23 (**d**) 29

23. 25% की वार्षिक साधारण ब्याज दर से एक राशि कितने समय में तीन गुणा हो जाएगी ?

(**a**) 10 वर्ष (**b**) 8 वर्ष

(**c**) 5 वर्ष (**d**) 6 वर्ष

24. दो ट्रेने एक-दूसरे की ओर क्रमशः 54 किलो मी./प्रति घं. और 72 किलो मी./प्रति घं. की गति से आ रही है। यदि दोनों ट्रेनें 252 किलोमीटर की दूरी पर है, तो वे कितने समय बाद एक-दूसरे से मिलेगी ?

(**a**) 3 घण्टे (**b**) 2.5 घण्टे

(**c**) 2 घण्टे (**d**) 4 घण्टे

25. 'सिंधूरा' किस फल की किस्म है ?

(**a**) केला (**b**) अमरूद

(**c**) आम (**d**) लीची

----------x--------------

**Rough Space:**